उत्तर प्रदेश शासन

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3

संख्या-36/2019/सा-3-848/दस-2019-944/88-टी0सी0-3

लखनऊ : दिनाँक 09 दिसम्बर, 2019

कार्यालय-ज्ञाप

वित्त विभाग की विज्ञप्ति संख्या-13/2015-सा-3-631/दस-2015-944/88, दिनाँक 24-06-2015 द्वारा प्रत्येक वर्ष 17 दिसम्बर को प्रदेश के प्रत्येक जनपद में पेंशनर दिवस आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश निर्गत किये गये हैं।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पूर्व वर्षो की भांति वर्ष 2019 के दिसम्बर माह की 17वीं तिथि को प्रत्येक जनपद में आयोजित होने वाले पेंशनर दिवस में जनपद के जिलाधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि पेंशनर दिवस के कार्यक्रम की अध्यक्षता या तो स्वयं करें या उनके द्वारा अपर जिलाधिकारी / मुख्य विकास अधिकारी को कार्यक्रम की अध्यक्षता हेतु नामित किया जाय। इसके साथ ही, यह भी अपेक्षित है कि जिलाधिकारियों के स्तर से जनपद स्थित समस्त कार्यालयाध्यक्षों को यह निर्देश दे दिये जायं कि पेंशनर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वह स्वयं अथवा कार्यालय के किसी वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी को कार्यक्रम में उपस्थित रहें, एवं पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करें।

3- उपर्युक्त निर्धारित पेंशनर दिवस की तिथि का व्यापक प्रचार प्रसार निदेशक, पेंशन, निदेशक, कोषागार एवं जनपद के कोषाधिकारियों द्वारा किया जायेगा, ताकि पेंशनर दिवस प्रभावकारी एवं सार्थक रूप से आयोजित हो सके।

नील रतन कुमार
विशेष सचिव।

संख्या-36/2019/सा-3-848(1)/दस-2019-944/88-टी0सी0-3 तद्दिनांक

प्रतिलिपि :

1- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
2- निदेशक, पेंशन, इन्दिरा भवन, उ0प्र0, लखनऊ ।
3- निदेशक, कोषागार, जवाहर भवन उ0प्र0, लखनऊ

आज्ञा से,
नील रतन कुमार
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है

http://shasanadesh.up.gov.in